मोनार्क टाइम्स
MONARCH TIMES

अमेरिका में छाई लखनऊ की जयनी, बराक ओबामा ने एचीवमेंट अवॉर्ड से किया पुरस्कृत

12-08-2016

लखनऊ: शहर की बिटिया जयनी ने अमेरिका में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। जयनी को खुद अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने आउटस्टैंडिंग एकेडमिक एचीवमेंट अवार्ड-2016 प्रदान किया है। जयनी राजधानी में स्थित स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के डायरेक्टर भरत राज सिंह की पोती है। उसकी उपलब्धि पर उन्होंने उसे बधाई दी है। डॉ. भरत राज सिंह ने बताया कि जयनी के पिता राहुल व निधि अमेरिका के टेक्सास में वर्ष 2005 से रह रहे हैं।

राहुल बीटेक के बाद पेरिस और फिर शादी के बाद अपनी पत्नी निधि सिंह के साथ अमेरिका में बस गए हैं। रिफाइनरी के डिजाइन में राहुल इस समय अमेरिका में दो पेटेंट भी करा चुके हैं। राहुल की नौकरी की वजह से फिलहाल यह परिवार दो वर्ष के लिए दुबई में रह रहा है। डॉ. भरत राज सिंह एयरो बाइक के अविष्कारक हैं व पर्यावरण पर लिखे उनके चैप्टर को अमेरिका ने पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है। उन्हें दो बार लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अवार्ड- 2014 व 2015 में प्राप्त हो चुका है।